14 सन्मार्ग
शनिवार ॥ 26 अक्टूबर, 2019 ॥ कोलकाता

# पैटन ग्रुप को मिला कंपनी ऑफ द ईयर का अवार्ड

कोलकाता : **पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड** ने इंजीनियरिंग श्रेणी में डेयर टू ड्रीम अवार्ड जीता है। कंपनी को जी बिजनेस द्वारा इंजीनियरिंग सेक्टर की कंपनी ऑफ द ईयर का अवार्ड भी दिया गया। कंपनी के **चेयरमैन एचपी बुधिया** ने यह अवार्ड ग्रहण किया।

पैटन सरकार से मान्यता प्राप्त एक्सपोर्ट हाउस और स्टार एक्सपोर्टर है, जिसकी 7 लाख वर्ग फीट में फैली 6 अत्याधुनिक कई स्थानों पर विनिर्माण इकाइयां हैं और अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, जर्मनी व कई अन्य देशों में शीर्ष फॉर्च्यून 500 कंपनियों को कम वोल्टेज वाली इलेक्ट्रिक वायरिंग फिटिंग, शीट मेटल, डाई कास्टिंग और मशीनी पुर्जों की आपूर्ति करती है। यह अमेरिकी सरकार से मान्यता प्राप्त सीटीपीएटी और आईएसओ 9001:2015 कंपनी है।




डेयर टू ड्रीम, कंपनी ऑफ द ईयर अवार्ड ग्रहण करने के बाद पैटन ग्रुप के चेयरमैन एचपी बुधिया

दुनिया की प्रसिद्ध लैब यूएल, कनाडियन स्टैंडर्ड एसोसिएशन, इंटरटेक और बीएसआई से मान्यता प्राप्त पैटन के उत्पाद खतरनाक कैमिकल न होने के परीक्षण से भी गुजरते हैं। पैटन के 2500 विशेष तौर पर कौशल युक्त कर्मचारी हैं, जिनके लिए श्रम संबंधी स्वास्थ्य, सुरक्षा व न्यूनतम वेतनमान जैसे कड़े कानूनों का पूरी तरह पालन किया जाता है। पैटन में कभी हड़ताल या तालाबंदी जैसी घटनाएं नहीं होतीं और यह उत्पादन संबंधी पुरस्कारों की लगातार विजेता रही है। साथ ही जटिल उत्पादों के निर्यात के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते हैं।

PATTON